वरिष्ठ परामर्शदाता–जन स्वास्थ्य नीति और नियोजन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), **नई दिल्ली ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लिखित पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया है।**

भूमिकाएं और दायित्वः

- कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय करने और जानकारियां शामिल करने, स्थिरता और तालमेल के लिए विश्लेषण करने, घटकवार बजट की समीक्षा करने, मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) की बैठकों में चर्चा के लिए अंतिम कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) की समीक्षा और प्रस्तुति के लिए राज्यों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के माध्यम से आबंटित राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए राज्यों और जिलों के आवधिक फील्ड दौरे करना, कार्यान्वयन चुनौतियों का पता लगाना और राज्यों को यथोचित समाधान बताना या राज्य में तकनीकी जानकारी के लिए उचित संस्थाओं (एसएचआरसी, अकादमिक, या अनुसंधान एजेंसियों) अथवा राष्ट्रीय स्तर पर : एनएचएसआरसी, टीआईएसएस, पीएचएफआई इत्यादि के साथ संपर्क साधना।
- कनिष्ठ परामर्शदाताओं को उनके प्रथम वर्ष में पीआईपी समन्वय कार्य और डेटा विश्लेषण का प्रशिक्षण प्रदान करना।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के विषयगत क्षेत्रों पर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना।
- कार्यान्वयन में सुधारों की जानकारी देने के लिए फील्ड दौरों का विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना।
- राज्यों और जिलों के भीतर सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों का पता लगाना, और इन्हें दर्ज करने और नवाचार पोर्टल पर अपलोड करने में राज्यों का सहयोग करना।
- भारत के खराब निष्पादन कर रहे जिलों में विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण और स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- महामारी विज्ञान और एचएमआईएस इनपुट, दोनों का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य योजनाएं बनाने और योजनाओं की समीक्षा एवं सुधार करने के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण करना। खराब निष्पादन वाले राज्यों में अपेक्षित बजट एवं वित्तीय योजना तैयार करना।
- अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल तैयार करना और आवश्यकतानुसार अध्ययन करना और मार्गदर्शन करना।
- केंद्र में, और समय–समय पर सहमति अनुसार राज्यों में एनआरएचएम और उसके लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- भर्ती हेतु सूचना तैयार करने, प्रस्तावों के आवेदन आमंत्रित करने आदि सहित राज्यों और जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता जानकारी जुटाना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।
- साहित्य/प्रशिक्षण सामग्री की समीक्षा करना और स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के मौजूदा चलन की अद्यतन जानकारी रखना।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के घटकों पर राज्य एवं राष्ट्रीय डेटा का नियमित आधार पर संग्रह और विश्लेषण करना।
- तकनीकी सहयोग और कार्यक्रम की निगरानी के साधन के रूप में डेटा और फील्ड निष्कर्षों का इस्तेमाल करते हुए राज्यों में प्रगति का आवधिक संक्षिप्त ब्यौरा उपलब्ध कराना।

योग्यताः

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान या सेवा प्रदायगी की योजना निर्माण एवं कार्यान्वयन के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्षों का योग्यता उपरांत कार्य करने का अनुभव।

- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।

आयुः आवेदन प्राप्त करने की तारीख तक आयु सीमा 45 वर्ष

पारिश्रमिक सीमा: 90,000/- रुपयेसे 1,30,000/- रुपये के बीच प्रति माह।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **10-Oct-2018** तक nhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।